श्री बंशीधर नगर, बुधवार
19.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष सप्तमी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 176

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:53 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
किसान मेला आज, डीसी ने देखी तैयारी >> पेज 03 'प्यार का प्रोफेसर' में इश्क में फंसे लव गुरु >> पेज 04

**सुविचार**

दुनिया की नजर आप के लिये कभी स्थिर नहीं होंगी, इसलिए अपनी नजरों में महान बनो

**न्यूज अपडेट्स**

### शादी में जा रहे बुजुर्ग की सड़क दुर्घटना में मौत

**मेदिनीनगर।** पलामू में पाटन थाना क्षेत्र अंतर्गत कुड़वा-बैदा मुख्य पथ पर मंगलवार को एक जीप अनियंत्रित होकर पलट गई। दुर्घटना में एक बुजुर्ग की मौत हो गई। बुजुर्ग शादी समारोह में शामिल होने के लिए मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी जा रहे थे। लातेहार जिले के मनिका थाना क्षेत्र के बरवइया के रहने वाले 70 वर्षीय मुसाफिर साव मंगलवार को पड़वा थाना क्षेत्र के लामीपतरा में दामाद दामोदार साव के घर से भतीजे बंधु गुप्ता के पुत्र की शादी में शामिल होने के लिए मेदिनीनगर के रेड़मा स्थित ठाकुरबाड़ी जा रहे थे। जीप को उनका नाती चला रहा था। जैसे ही वह बैदाकला करमाही पुल के पास पहुंचे अचानक जीप अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। इस दुर्घघटना में मुसाफिर की मौत हो गई। वहीं नाती बाल-बाल बच गया।

### व्यवसायी से 22 लाख रु की ठगी

**रामगढ़।** रामगढ़ शहर के आलू-प्याज व्यवसायी प्रदीप गुप्ता से होटल न्यू राजस्थान कलेवालय के मालिक मनोज शर्मा और उसकी पत्नी मधु शर्मा ने 22 लाख रुपये ठग लिए हैं। यह आरोप लगाते हुए प्रदीप गुप्ता ने रामगढ़ थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। प्रदीप गुप्ता ने कहा है कि यह रकम जमीन रजिस्ट्री करने के एवज में ठगी गई है। जब जमीन की रजिस्ट्री के लिए वह मनोज शर्मा और मधु शर्मा के पास पहुंचे, तो उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। शर्मा ने रामगढ़ थाने में दर्ज प्राथमिकी में बताया कि मनोज शर्मा और उसके बड़े भाई गोपाल शर्मा से उसके घनिष्ठ और पारिवारिक संबंध थे।

**बहाली** मुख्यमंत्री हेमंत ने नगर विकास विभाग अंतर्गत नवनियुक्त कर्मियों को दिया नियुक्ति पत्र

# 289 अभ्यर्थियों को दिया नियुक्ति पत्र



### शहरी व ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त कर रही सरकार : किशोर

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के दिशा निर्देश में राज्य में बड़े पैमाने पर नियुक्तियां की जा रही हैं। इसी क्रम में मंगलवार को नगर विकास विभाग एवं आवास विभाग झारखंड के अंतर्गत प्रोजेक्ट बिल्डिंग स्थित द्वितीय तल सभागार में 289 अभ्यर्थियों की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के हाथों द्वारा नियुक्ति पत्र सौंपा गया। नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को मंत्री वित्त विभाग राधाकृष्ण किशोर ने नवनियुक्त अभ्यर्थियों संबोधित करते हुए कहा कि हमें ये विश्वास है कि आप अपने मेहनत से आगे भी कामयाबी हासिल करेंगे। आप संकल्प लें कि व्यवस्था ,सिस्टम के किसी भी क्षेत्र में ईमानदारी, निष्ठा के साथ काम करेंगे और सरकार के प्रयासों में सार्थक भूमिका निभाएंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड राज्य का निर्माण जिस उद्देश्य के साथ हुआ था, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन उस उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रयासरत हैं। शहरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में भी कई काम किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री, ग्रामीण क्षेत्र के विकास में, शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में लगे हैं। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन झारखंड को युवाओं का राज्य बनाना चाहते है। इसका कड़ी में आज युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। हेमन्त सरकार -2.0 में सरकार राज्य के विकास प्रति समर्पित हैं और उनके नेतृत्व में हमलोग कदम बढ़ा चुके हैं।

### हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो : संजय यादव

उद्योग मंत्री संजय प्रसाद यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज झारखंड के विकास के पन्नों में एक नया अध्याय जोड़ा जा रहा है। उन्होंने अभ्यर्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड के विकास में, सभी जन कल्याण के विचारों को सार्थक करने की शपथ लें। हर झारखंडी के चेहरे पर मुस्कान हो, ये आपका लक्ष्य होना चाहिए। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन की सोच झारखंड को अग्रणी राज्यों की श्रेणी में लाकर खड़ा करना है। युवाओं को रोजगार दिलाना, उनके उज्जवल भविष्य की सोच के साथ मुख्यमंत्री की दिशा निदेश में हमलोग काम कर रहे हैं।

### सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका खास : सुदिव्य कुमार

नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आज इस प्रोजेक्ट बिल्डिंग से 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जा रहा है। आखों में सुनहरी चमक लेकर आप उज्ज्वल भविष्य की ओर पहला कदम बढ़ा रहे हैं। शहरीकरण दिनों दिन तेजी से बढ़ रहा है । बेहतर शिक्षा एवं बेहतर स्वास्थ्य के लिए ग्रामीण क्षेत्रों से निकल कर शहरों की तरफ आ रहे है । शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को हम मजबूत कर रहे हैं। हम शहरों के विकास के मानकों के आधार पर अपने निकायों को संचालित करने का प्रयास कर रहे हैं । आज बहुत खुशी का दिन है कि तमाम राजनीतिक झंझावातों को पार करते हुए मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड के बच्चों को नियुक्ति देने में सफल रहे हैं । हेमन्त सरकार 2.0 के तीसरे महीने में हमने नियुक्तियों का कारवां शुरू कर दिया है । उन्होंने नवनियुक्त अभ्यर्थियों को कहा कि नगर विकास मंत्री के तौर पर मेरी भी कुछ अपेक्षाएं आप से हैं । आज आपके लंबे सरकारी जीवन की शुरूआत हो रही है।



सरकार के जनहितकारी इरादों को साकार करने में आपकी भूमिका एक अधिकारी और कर्मचारी के तौर पर बहुत महत्वपूर्ण है और आपसे बेहतर सेवाओं की उम्मीद है । आप सिस्टम का एक बेहतर पार्ट बनने आयें हैं।

### नगर विकास के प्रति सरकार प्रतिबद्ध : मुख्य सचिव

मुख्य सचिव श्रीमती अलका तिवारी ने कहा कि नगर के विकास के प्रति प्रतिबद्ध है । राज्य के एक चौथाई आबादी शहरों में निवास करती हैं। शहरी क्षेत्र राज्य के विकास का चेहरा होता है। निकाय क्षेत्रों में इन्फ्रास्ट्रक्चर्स की चुनौती है । सड़क, नाली ट्रांसपोर्टेशन की चुनौती है। ग्रामीण क्षेत्रों से लोग आजीविका की तलाश में शहर आते हैं, जिससे शहरों की भौगोलिक संरचना चुनौती के रूप में उभरती है । आप सभी के ऊपर दायित्व है कि शहरों के इन्फ्रास्ट्रक्चर्स को मजबूत करने में अपनी भूमिका निभाएं। अर्बन एरिया में टेक्निकल लोगों की आवश्यकता है। पहले झारखंड में टाउन प्लानर की भी नियुक्ति होती थी लेकिन पहली बार सहायक टाऊन प्लानर की नियुक्ति वर्तमान सरकार में हो रही है। आप सभी को मेरी शुभकामनाएँ और पूरी लगन एवम् सुनियोजित नतीजे से ऐक्टिव रोल में अपने कार्यों को अंजाम दें और शहरों के विकास में झारखंड सरकार का साथ दें।

नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार ने कहा कि आज खुशी का दिन है। सरकार के द्वारा इस वर्ष नियुक्तियां शुरू हो गई हैं सरकार के द्वारा निकाय क्षेत्रों में विकास कार्य किए जा रहे हैं। इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने का प्रयास किया जा रहा है । नगर निकाय सहित विभिन्न सेक्टर में प्रतिभावान लोगों की जरूरत है। आप अपना काम तत्परता और पारदर्शिता के साथ करेंगे, ऐसी उम्मीद है।

### नगर विकास एवं आवास विभाग अंतर्गत कुल 289 अभ्यर्थियों को मिले नियुक्ति पत्र

कार्यक्रम में गार्डेन अधीक्षक, भेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाईजर, राजस्व निरीक्षक एवं विधि सहायक के पदों पर कुल 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया । जिसमे गार्डेन अधीक्षक के 9,भेटनरी ऑफिसर के 8,सेनेटरी एण्ड फूड इंस्पेक्टर के 12,सेनेटरी सुपरवाईजर के 42 ,राजस्व निरीक्षक के 174 एवं विधि सहायक के 44 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया गया। राज्य सरकार लगातार विभिन्न विभागों में नियुक्ति कर रही है। इससे पूर्व नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत कार्यपालक पदाधिकारी/सहायक नगर आयुक्त/विशेष पदाधिकारी, सहायक नगर निवेशक तथा लेखा पदाधिकारी सहित सहायक अभियंताओं, कनीय अभियंताओं, स्ट्रीट लाईट इंस्पेक्टर एवं पाईप लाईन इंस्पेक्टर सहित कुल-491 अभ्यर्थियों की नियुक्ति जा चुकी है।

इस अवसर पर मुख्य रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, निदेशक सुडा अमित कुमार, अपर सचिव ज्ञानेन्द्र कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं नवनियुक्त अभ्यर्थी उपस्थित थे।

## रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह

# सीएम ने 6 छात्रोपयोगी वेब पोर्टल का किया अनावरण

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन सभागार में उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण तथा रांची विज्ञान केंद्र के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखंड अनुसंधान तथा नवाचार नीति-2025 हेतु आयोजित राज्य स्तरीय कार्यशाला में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस दौरान मुख्यमंत्री ने उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से विकसित छह पोर्टल का अनावरण एवं



रांची विज्ञान केंद्र स्थित नव प्रवर्तन केंद्र (इनोवेशन हब) का उद्घाटन किया। इन पोर्टल के अनावरण का उद्देश्य डिजिटल गवर्नेंस तथा डिजिटल इनफ्रास्ट्रक्चर को सुदृढ़ करने हेतु उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम के डिजिटल कार्यान्वयन, वेतन निर्धारण और सत्यापन पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान आवेदन पोर्टल जैसे कई पोर्टलों को विकसित करना है।

### इन पोर्टल का हुआ अनावरण

वेतन निर्धारण पोर्टल, लर्निंग मैनेजमेंट पोर्टल, निजी विश्वविद्यालय प्रबंधन पोर्टल, मुख्यमंत्री फेलोशिप योजना पोर्टल, अप्रेंटिस प्रबंधन पोर्टल, वित्त रहित कॉलेज अनुदान पोर्टल। कार्यक्रम में इनोवेशन हब के तहत क्षेत्रीय विज्ञान केन्द्र, रांची परिसर में स्थापित इनोवेशन हब बनाने की बात कही गई। इससे रचनात्मक एवं नवाचारी विचारों का पोषण, इनोवेटिव सोच और व्यावहारिक समस्या का समाधान, इनोवेशन को प्रेरित करने के लिए उचित वातावरण मिल सकेगा। इसके अलावा रांची स्थित क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र को साइंस सिटी के रूप में अपग्रेड करने के लिए 270 करोड़ की परियोजना तैयार की बात कही गई। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि आने वाले समय में राज्य के बच्चों को निपुण बनाना सरकार की प्राथमिकता है। दक्षता के क्षेत्र में झारखंड के विद्यार्थियों को आगे रखने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है। उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग अंतर्गत विभिन्न पोर्टल्स का शुभारंभ होना एक सकारात्मक पहल है। इन पोर्टल्स के जरिए राज्य की शिक्षा व्यवस्था को डिजिटल मोड में ले जाने का प्रयास किया गया है। इस अवसर पर उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री सुदिव्य कुमार, मुख्य सचिव अलका तिवारी, अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग राहुल कुमार पुरवार, मैनेजिंग डायरेक्टर-सह-सीईओ सीएससी ई-गवर्नेंस सर्विस इंडिया लि. के संजय कुमार राकेश और राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालय के कुलपति सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### रांची के सदर अस्पताल से नवजात चोरी, जांच में जुटी पुलिस

**रांची।** राजधानी रांची के सदर अस्पताल से मंगलवार को एक नवजात बच्ची को चुराने का मामला सामने आया है। घटना की जानकारी मिलते ही लोअर बाजार पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है और मासूम की तलाशी तेज कर दी है। जानकारी के मुताबिक सदर अस्पताल के लेबर रूम में एक बच्ची का जन्म हुआ था। इसके बाद अज्ञात चोर रात में उसे लेबर रूम के बाहर से चुरा कर ले गए। बच्ची के गायब होने से उसके माता-पिता का रो-रोकर बुरा हाल है। बच्ची के लापता होने के बाद उसके पिता



उमेश बेड़िया ने लोअर बाजार थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद कुमार ने बताया कि पुलिस की टीम अस्पताल के सभी सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है ताकि आरोपित का पता लगाया जा सके। साथ ही अन्य सुराग भी जुटाए जा रहे हैं।

# ज्ञान निकेतन में फाईलेरिया दवा वितरण सह जागरूकता कार्यक्रम



बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के तत्वावधान में चलाये जा रहे फाईलेरिया उन्मूलन तथा आउटरीच जागरूकता कार्यक्रम के तहत सहिया मालती कुमारी एवं रीना देवी के नेतृत्व में ज्ञान निकेतन कॉन्वेंट स्कूल के बच्चों को फाईलेरिया की दवा खिलाई गई। इस दौरान विद्यालय के निदेशक सह शिक्षाविद मदन प्रसाद केसरी ने फाईलेरिया बीमारी के संबंध में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। श्री केसरी ने बताया कि फाईलेरिया मच्छर के काटने से होने वाला एक संक्रामक रोग है जिसे आमतौर पर हाथी पांव के नाम से भी जाना जाता है। इसके सामान्यतः कोई लक्षण दिखाई देते हैं। बुखार, हाथ पांव एवं शरीर के अन्य भाग में या उसके आसपास दर्द या सूजन इसके शुरूआती लक्षण हैं। बाद में पैरों व हाथों में सूजन हो जाता है। यह बीमारी क्यूलेक्स नामक मच्छर के काटने से होता है। यह दुनिया की दूसरी सबसे ज्यादा दिव्यांगता व कुरूपता लाने वाली बीमारी है। यह हाथ या पैर के अलावे और भी अंगों को प्रभावित करता है। इस बीमारी से यदि मुक्ति चाहते हैं तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो मुफ्त में दवाईयां निर्धारित समयानुसार दी जाती है। इसका सेवन आवश्यक रूप से करें तथा इससे बचाव के लिये अपने घर एवं पास पड़ोस के लोगों को उचित जानकारी दें। ताकि स्वस्थ समाज की परिकल्पना को साकार किया जा सके। मौके पर उपप्राचार्य बसन्त ठाकुर, खुर्शीद आलम, संतोष प्रसाद, वीरेन्द्र साह, नीरा शर्मा, ऋषभ श्रीवास्तव, पूजा प्रकाश, सुनीता कुमारी, सरिता दुबे, मुकेश भारती आदि उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### खड़ी बोलेरो गाड़ी व घर में लगी आग

**विश्रामपुर :** विश्रामपुर थाना स्थित नौगढ़ा क्षेत्र के अटरिया गांव निवासी बलराम तिवारी के घर के बाहर दरवाजे पर खड़ी बोलोरो गाड़ी आगलगी की घटना में जलकर खाक हो गई। जिसका नंबर एमपी 65 सी 0883 है। साथ ही सीता तिवारी का घर भी जलकर खाक हो गया। घटना मंगलवार की सुबह लगभग 4 बजे की बताई जाती है। आग लगी की घटना कैसे हुई इस संबंध में स्पष्ट जानकारी नहीं मिल पा रही है। इस संबंध में पीड़ित परिवार के द्वारा नौगढ़ा ओपी में लिखित शिकायत की गई है। पड़ोसी नलिन तिवारी का गृह निर्माण कार्य हो रहा है। जहां लगभग डेढ़ क्विंटल यानी तीन बंडल छड़ भी रखा हुआ था। जो स्थल से गायब है। जिसमें एक बंडल छड़ गांव के ही डिआहा आहार से बरामद किया गया है। अटरिया गांव निवासी सह सेवानिवृत पुलिस इंस्पेक्टर देवनारायण तिवारी ने बताया कि गांव में इस तरह का मामला घटित होना गंभीर है।

### सीओ ने पहाड़ का किया निरीक्षण

**छतरपुर :** सीओ उपेंद्र कुमार ने अपने टीम के साथ सुदूरवर्ती क्षेत्र बचकोमा जंगल के पहाड़ का निरीक्षण किया। वे लगातार क्रशर प्लांट, पहाड़, लीज के मानक की जांच कर रहे हैं। नियमित कागजात नही होने पर नोटिस जारी कर कागजात मांग कर रहे हैं। वहीं गैरमजरूआ जमीन को कब्जामुक्त करने का प्रयास किया जा रहा है। सीओ ने कहा कि जो भी क्रशर लीज के मानक के हिसाब से नहीं होगा उस पर कानूनी करवाई की जायेगी।

## पलामू ▶ 11 सूत्री मांग को लेकर कर रहे भूख हड़ताल

# भाजपा नेता राजीव रंजन की बिगड़ी तबीयत

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर।** अपनी 11 सूत्री मांगों को लेकर जिले के हरिहरगंज प्रखंड परिसर में भूख हड़ताल कर रहे भाजपा नेता राजीव रंजन की तबीयत मंगलवार को बिगड़ गयी। उन्हें सलाइन चढ़ाना पड़ा।

सोमवार को प्रदर्शन के बाद मांगों को लेकर राजीव रंजन आमरण अनशन पर बैठ गए थे। उनकी भूख हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। अनशन के क्रम में भाजपा नेता की तबीयत दूसरे दिन खराब हो गयी है। राजीव रंजन के स्वास्थ्य में गिरावट की सूचना मिलते ही सीओ मनीष कुमार व थाना प्रभारी चंदन कुमार स्थल पर पहुंचे और चिकित्सक को बुलवाया गया। चिकित्सक डॉ प्रमोद कुमार ने राजीव रंजन व जेपी गुप्ता के स्वास्थ्य की



जांच उपरांत सलाइन लगाया।

मौके पर राजीव रंजन ने कहा कि विवश होकर जन मुद्दों को लेकर आमरण अनशन पर बैठना पड़ा। जब तक समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाएगा, तब तक आमरण अनशन जारी रहेगा। वह हरिहरगंज शहरी क्षेत्र में नगरीय सुविधा बहाल करने, ब्लॉक कैंपस में डंप हो रहे शहर के कचरे को दूसरे जगह निस्तारण करने, सब स्टेशन में दस एमवीए का ट्रांसफार्मर लगाने सहित 11 सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन आंदोलन कर रहे हैं।

## मैट्रिक की हिंदी की परीक्षा शांतिपूर्ण

बंशीधर न्यूज

**केतार :** प्रखंड मुख्यालय स्थित परीक्षा केंद्र पर मैट्रिक के हिंदी विषय की परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थियों में 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। पीएम श्री राजकीय मध्य विद्यालय केतार परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक मो मोकारिम एवं उप केंद्र अधीक्षक देवेंद्र



कुमार ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 432 परीक्षार्थी में एक परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 431 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बताया कि उक्त केंद्र पर परीक्षा शांतिपूर्ण व कदाचार मुक्त हो रही है। केंद्र पर बीडीओ प्रशांत कुमार ने थाना प्रभारी अरुण कुमार रवानी के साथ केंद्र का निरीक्षण किया। बीडीओ ने परीक्षा में तैनात सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि इस सेंटर पर किसी तरह का अनियमितता नहीं होनी चाहिये। अगर किसी भी प्रकार की त्रुटि पाई गई तो संबंधित शिक्षकों पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर महिला पर्यवेक्षिका तेरेशा बाखला, दंडाधिकारी घनश्याम गुप्ता, प्रेम कुमार गुप्ता, संजय मिश्रा, राम लखन राम, नवीन प्रकाश, मनोज दास सहित अन्य उपस्थित थे।

## कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा

**धुरकी :** बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक व भारत रत्न कपूर्री ठाकुर की पुण्यतिथि पर पूर्व मंत्री रामचन्द्र केशरी के नेतृत्व में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत कपूर्री ठाकुर के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। मौके पर पूर्व मंत्री ने कहा कि अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति पिछड़ों सहित सभी वर्गों को ध्यान में रखने वाले गुदड़ी के लाल गरीबों के मसीहा कपूर्री ठाकुर अपने जीवन समाज कल्याण में ही लगा दिया। उन्होंने अपने कार्यकाल में समाज को जगाने व समाज को आगे बढ़ाने में उनका अहम योगदान रहा है। सेवानिवृत शिक्षक कृष्णा विश्वकर्मा ने कहा कि कपूर्री ठाकुर व्यक्ति नहीं एक विचार थे। कार्यक्रम में काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

## प्रमुख ने डीसी से की बीपीओ को हटाने की मांग



**केतार :** प्रमुख चंद्रावती देवी ने डीसी को आवेदन देकर केतार बीपीओ नीरज कुमार पाल पर अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाते हुये ब्लॉक से हटाने की मांग की है। डीसी को दिये गये आवेदन में प्रमुख ने कहा है कि नीरज कुमार पाल के द्वारा केतार प्रखंड के गरीब लोगों से प्रत्येक स्कीम में जांच के नाम पर पैसा उगाही करने का काम किया जा रहा है तथा लाभुकों को डरा धमका कर उनसे ऊंची रकम की वसूली की जा रही है। इनकी शिकायत एक माह पूर्व में भी बीडीओ एवं डीडीसी को लिखित रूप में किया गया था लेकिन इस पर कोई विचार नहीं किया गया। इनके द्वारा बिचौलियों के माध्यम से ऊंची रकम लेकर के बगैर पंचायत समिति के अनुमोदन के ही डोभा एवं तालाब स्वीकृत किया जा रहा है, जिस कारण उचित लाभुकों तक काम नहीं पहुंच पा रहा है। साथ ही कहा है कि पिछले 5 माह से मनरेगा योजना का कार्य लगभग बंद है, जिसके कारण मजदूरों का पलायन जारी है। प्रमुख ने बताया की यदि बीपीओ को तत्काल हटाते हुये कार्रवाई नहीं होती है तो हम आम जनता के साथ धरना प्रदर्शन के लिये बाध्य हो जाऊंगी।

## हत्या मामले में चार को उम्र कैद

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला अदालत ने हत्या के एक मामले में महिला समेत चार दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अलावा प्रत्येक को 10-10 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया है। जुमार्ना नहीं देने पर 6 माह अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई गई है। यह मामला पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र के शिकारपुर से जुड़ा हुआ है। सितंबर 2016 में रंजीत साव नाम के व्यक्ति के घर में घुसकर उसकी लाठी डंडे एवं टांगी से मारकर हत्या कर दी गई थी। इस संबंध में मृतक की पत्नी रिंकू देवी ने नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई थी। पलामू न्यायालय के जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश नंबर 3 की अदालत ने मंगलवार को इस कांड के चार दोषियों रीना देवी, मदन साव, महावीर साव एवं बुधन साव को आजीवन कारावास एवं जुमार्ने की सजा सुनाई।

## अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट

# बिहार को हराकर बंगाल ने दर्ज की जीत

**मेदिनीनगर।** वीर शहीदों की पावन स्मृति में मेदिनीनगर के पुलिस लाइन स्टेडियम में हो रहे अंतरराज्यीय फुटबॉल टूर्नामेंट में मंगलवार को एसबीएस टीसी दुगार्पुर, पश्चिम बंगाल एवं आजाद क्लब समस्तीपुर, बिहार के बीच मैच खेला गया। मुकाबला शुरू होने से पहले स्कूली बच्चों के द्वारा सभी खिलाड़ियों का ग्राउंड में स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों के द्वारा खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया गया। इस मैच में



दुगार्पुर, बंगाल की टीम बहुत ही शानदार शुरूआत करते हुए शुरू से ही समस्तीपुर, बिहार की टीम पर भारी रही। मध्यांतर के बाद इस टीम ने दो अंकों से बढ़त बना ली थी और अंत में मैच में जीत दर्ज की। ओप्पू बावरी मैन ऑफ द मैच घोषित किए गए। आज के मैच के मुख्य अतिथि भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह ने आयोजन समिति की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से देश का मान-सम्मान बढ़ता है। आयोजन समिति के सचिव मनोहर कुमार लाली ने मोमेंटो, अंग वस्त्र एवं पुष्प गुच्छ देकर मुख्य अतिथि को सम्मानित किया। इसी प्रकार आयोजन समिति के पदाधिकारियों के द्वारा अन्य विशिष्ट अतिथियों को भी मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया।

# अफीम की खेती करने वाले पांच आरोपित गिरफ्तार

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में कार्रवाई कर अफीम (पोस्ता) की खेती करने वाले पांच आरोपितों को मंगलवार को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें मनातू थाना एवं पांकी थाना क्षेत्र से दो-दो और नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र से एक आरोपित की गिरफ्तारी हुई है। जिले की पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन के अनुसार अफीम की खेती में लिप्त नौडीहा बाजार थाना कांड संख्या 05/2023 के आरोपित लवलेश यादव को



गिरफ्तार किया गया। लवलेश छतरपुर के धोबीडीह का रहने वाला है। इसी तरह पांकी थाना कांड संख्या 12/2025 के आरोपित मुकेश यादव पिता हरदेव यादव एवं निरंजन कुमार यादव उर्फ रंजन यादव उर्फ गोला पिता राजकुमार यादव को गिरफ्तार किया गया है। दोनों केकरगढ के रहने वाले हैं। मनातू थाना कांड संख्या 17/2025 के आरोपी इंदर यादव पिता सुगा यादव एवं कांड संख्या 12/2025 के आरोपी गोविंद यादव पिता फकीरा यादव को गिरफ्तार किया गया है। इंदर तरहसी के ताल, जबकि गोविंद मनातू के बड़की नागद का रहने वाला है। एसपी ने जानकारी दी है कि नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ पुलिस लगातार कार्रवाई कर रही है।

# मानसिक तनाव को दूर करने का एक बड़ा माध्यम है संगीत



## सुर संगम कला केंद्र में हुई संगीत की बैठक

बंशीधर न्यूज

**मेदिनीनगर :** संगीत सीखने का शहर का चर्चित संस्थान सुर संगम कला केंद्र कल शाम संगीत बैठकी आयोजित हुई। बैठक का संचालन कव्वाल कयूम रुबानी ने किया। बैठकी में शहर के वरिष्ठ कलाकार शामिल हुये। कार्यक्रम का शुभारंभ शास्त्रीय गायक रमेश कुमार पाठक ने राग बहार में छोटा ख्याल प्रस्तुत कर लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके बाद गायक सुमन मिश्रा ने अपनी गजलों द्वारा लोगों से वाहवाही लूटी। कार्यक्रम को आगे बढ़ते हुये राम श्याम बंधु ने एक से बढ़कर एक गीत और गजलों की प्रस्तुति दी जिससे खुशनुमा माहौल बना रहा। पवन कुमार शर्मा ने कार्यक्रम के मुख को मोड़ते हुये बांसुरी वादन की प्रस्तुति दी। केंद्र के निदेशक आशुतोष पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना करते हुये बताया कि जिन लोगों की रुचि गायन में हो, वाद्य यंत्रों को बजाने में हो, चित्रकला में हो वैसे लोग सुर संगम कला केंद्र में नामांकन करा कर अपनी प्रतिभा को निखार सकते हैं। पलामू प्रमंडल का यह एक ऐसा केंद्र है जहां गायन, वादन और चित्रकला का प्रशिक्षण एक ही छत के नीचे दिया जाता है। विगत 10 वर्षों से लगातार सुर संगम कला केंद्र ने सैकड़ो बच्चों को संगीत में प्रशिक्षण देकर आगे बढ़ने का काम किया है। कार्यक्रम में शहर के वरीय रंगकर्मी अदनान काशिफ, बबलू, मनोज, जितेंद्र, नागेंद्र, पप्पू, सुजीतजी आदि मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### फर्जी लाभुक अपना नाम डिलीट करायें वरना होगी वसूली : डीसी

**मेदिनीनगर :** मंईयां सम्मान योजना का भौतिक सत्यापन जारी है। भौतिक सत्यापन के दौरान 2711 फर्जी लाभुक पाये गये हैं। सत्यापन में 1400 से अधिक डुप्लीकेट लाभुक भी पकड़े गये हैं। फर्जी लाभुकों से राशि वसूली की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। डुप्लीकेट लाभुकों को योजना के लाभ से वंचित करते हुये नाम को डिलीट किया गया है। पलामू में 20 प्रखंडों के भौतिक सत्यापन की रिपोर्ट आयी है, जिसमें अभी तक तक 2711 फर्जी लाभुक पकड़े गये हैं। पलामू जिला प्रशासन स्पेशल कैंप लगाकर मंईयां सम्मान योजना के लाभुकों का भौतिक सत्यापन कर रहा है। भौतिक सत्यापन के लिये स्पेशल टीम गठित की गयी है, जो लगातार लाभुकों का सत्यापन कर रही है। डीसी शशिरंजन ने बताया कि जिला स्तर पर सत्यापन करवाया जा रहा है, जिसमें यह पता चला है कि 2711 लोग ऐसे हैं जो योग्यता पूरा नहीं करते हैं या उनकी उम्र सीमा अधिक है। सभी का नाम डिलीट कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने लोगों से यह अपील भी कर रही है कि जो योग्यता पूरा नहीं करते हैं वह अपने नाम को डिलीट करवा लें अन्यथा उनसे वसूली की प्रक्रिया शुरू की जायेगी। इसके लिये एक महीने का समय दिया जा रहा है। मार्च के बाद से जिला प्रशासन अभियान चलायेगी और एक-एक घर जाकर लाभुकों का सत्यापन करेगी। अभियान के दौरान जो लोग छूटे हुये हैं उनका भी नाम जोड़ा जायेगा।

## पलामू ▶ डीसी ने देखी प्रमंडल स्तरीय मेले की तैयारी

# किसान मेला आज

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** डीसी शशि रंजन ने मंगलवार को शिवाजी मैदान में 19 फरवरी को आयोजित होने वाले प्रमंडल स्तरीय किसान मेला-सह-प्रदर्शनी की तैयारियों का जायजा लिया। वे पदाधिकारियों के साथ आयोजन स्थल पर पहुंचे और वहां की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। डीसी ने आयोजन की तैयारी की गति तेज कर समयानुसार सारी तैयारियां पूरी करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया। इस दौरान उन्होंने किसान मेला आयोजन की मुख्य मंच, मंच पर अतिथियों की बैठने की सुविधा, बैकड्रॉप, फेशिया, जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ व्यक्तियों तथा आगंतुकों को बैठने आदि की व्यवस्था के साथ-साथ विभिन्न विभागों द्वारा लगाये जा रहे स्टॉल, पार्किंग की व्यवस्था, महिला एवं पुरूष किसानों के आगमन को लेकर तैयारी, उनके बैठने की व्यवस्था, खाना, शुद्ध पेयजल, शौचालय आदि के प्रबंध किये जाने की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने समय रहते सभी कमियों को दूर करते हुये तैयारी पूर्ण करने का निदेश दिया। उन्होंने स्टॉल पर बैनर-पोस्टर के माध्यम से संबंधित विभाग का नाम युक्त एवं प्रदर्शनी से संबंधित जानकारी भी प्रदर्शित करने का निदेश दिया। किसान मेला में पलामू प्रमंडल क्षेत्र के तीनों जिले पलामू, लातेहार एवं गढ़वा जिले के विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। किसान मेला में आत्मा, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, कृषि विज्ञान केन्द्र, ईफको, जेएसएलपीएस, जैविक खेती, किसान प्रोड्यूसर कंपनी, मृदा स्वास्थ्य जांच प्रयोगशाला, लघु सिंचाई प्रमंडल, वन प्रमंडल, भूमि संरक्षण विभाग, बिरसा किसान पाठशाला, अरविंद इंटरप्राईजेज, उद्यान विभाग, सहकारिता विभाग, अग्रणी बैंक, नाबार्ड, तसर विभाग, पुरूषोत्तम प्रसाद अग्रवाल, सेठी स्टोर, शुभम एग्रीको, बायर क्रॉप साइंस प्रालि, मत्स्य विभाग, पशुपालन विभाग, गव्य विकास विभाग आदि विभागों के स्टॉल लगाये जा रहे हैं। इन स्टॉलों के माध्यम से लाभुकों को सरकार की जनाकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। साथ ही उन्हें योजनाओं को लेकर जागरूक किया जायेगा। वहीं विभिन्न विभागों की ओर से लाभार्थियों के बीच परिसंपत्तियों का वितरण भी किया जायेगा। निरीक्षण के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी-सह-आत्मा के परियोजना निदेशक दीपक कुमार आदि उपस्थित थे।

## मैट्रिक परीक्षा. हिन्दी की परीक्षा में 1460 में से 1452 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा

### आठ परीक्षार्थी परीक्षा से रहे अनुपस्थित

बंशीधर न्यूज



**रमना :** प्रखंड मुख्यालय स्थित चार परीक्षा केंद्रों पर मैट्रिक के हिंदी विषय की परीक्षा मंगलवार को शांतिपूर्ण हुई। मैट्रिक के कुल 1460 परीक्षार्थियों में 1452 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। जबकि 8 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र के केंद्राधीक्षक अजय सेठ ने बताया कि प्रथम पाली में मैट्रिक के कुल 716 में 5 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 711 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। बालिका उच्च विद्यालय के केंद्राधीक्षक शशिरमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव ने बताया कि मैट्रिक के कुल 125 परीक्षार्थी में 2 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 123 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे।

मध्य विद्यालय सिलीदाग एक के केंद्राधीक्षक फुलेन्द्र राम ने बताया कि मैट्रिक के कुल 303 में सभी 303 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे। मध्य विद्यालय रमना के केंद्राधीक्षक रिंकु कुमार पासवान ने बताया कि मैट्रिक के कुल 316 परीक्षार्थी में 1 परीक्षार्थी परीक्षा से अनुपस्थित रहे। जबकि 315 परीक्षार्थी परीक्षा लिखे।

## एनडीपीएस एक्ट के मामलों में 24 घंटे में चार गिरफ्तार

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में नशे के कारोबारियों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई जारी है। विभिन्न थानों क्षेत्रों में अवैध रूप से पोस्ता की खेती करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये पुलिस ने सैकड़ों एकड़ में लगी पोस्ता की फसल को अब तक नष्ट किया है। इस दौरान अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अलग-अलग मामले दर्ज किये गये हैं। इन मामलों के आरोपियों की गिरफ्तारी के लिये पुलिस ने स्पेशल ड्राईव चलाया। इस दौरान पिछले 24 घंटों में पोस्ता जैसी नशीली खेती से जुड़े चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के पुलिस मख्यालय से मिली जानकारी के अनुसार नौडीहा बाजार थाना के कांड संख्या-5/2023 के अभियुक्त लवलेश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। गिरफ्तार लवलेश छतरपुर थाना क्षेत्र के धोबीडीह निवासी बीरू यादव का पुत्र है। इसी तरह पाकी थाना कांड संख्या-12/2025 के आरोपी अभियुक्त केकरगढ़ के राजकुमार यादव के पुत्र निरंजन कुमार यादव उर्फ रंजन यादव, मनातू थाना कांड संख्या-12/2025 के अभियुक्त बड़की नागद निवासी फखीरा यादव के पुत्र गोविंद यादव एवं मनातू थाना कांड संख्या-17/2025 के अभियुक्त तरहसी थाना के ताल निवासी सुगा यादव के पुत्र इंदर यादव को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। यह सभी मामला नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस (एनडीपीएस) एक्ट के तहत दर्ज है। इस बावत पुलिस प्रशासन ने जिले के आम जनता से अपील किया है कि नशे के अवैध व्यापार के खिलाफ अपनी भूमिका निभाएं और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

## पिस्तौल के साथ अपराधी गिरफ्तार

**पांडू :** पांडू थाना क्षेत्र में अपराध एवं अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुये पुलिस ने पांडू थाना कांड संख्या-12/2025 एवं 13/2025 के आरोपी अभियुक्त तिसीबार गांव निवासी के विनोद राम के 19 वर्षीय पुत्र रवि कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस दौरान पुलिस ने एक अवैध देसी पिस्तौल, दो टीवीएस बाईक एवं दो फाईटर बरामद किया है।

## वाहन जांच अभियान में हुई 18 हजार 136 रुपये की वसूली



**मेदिनीनगर :** सदिक चौक के निकट कोयल नदी टेंपो स्टैंड के पास सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान चारपहिया एवं दोपहिया वाहनों की जांच की गयी। दोपहिया वाहन के कुछ चालक बगैर हेलमेट, बिना लाईसेंस और कुछ ट्रिपल लोड पाये गये थे। ऐसे सात बाईक को जब्त कर शहर थाना परिसर में रखा गया। साथ ही जिला व्यवहार न्यायालय में चालान फाईन के लिये भेजा गया। दो बाईक और एक ट्रक का ऑनलाईन चालान किया गया जिसे जिला परिवहन कार्यालय में भेजा गया है। जिला परिवहन कार्यालय से 10 दोपहिया वाहनों का चालान फाईन 13136 रुपये और सीजीएम कार्यालय से चार दोपहिया वाहनें का चालान फाईन 5000 रुपए आया है। कुल 18,136 रुपये वसूल किये गये।

## झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ के पलामू अंचल इकाई का गठन

# सुनील कुमार बिस्वा बने अध्यक्ष तो अमित कुमार सचिव

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ के पलामू अंचल इकाई का सर्वसम्मति से गठन किया गया। जल संसाधन विभाग के मुख्य अभियंता आवास परिसर में संघ की बैठक सह आमसभा में कार्यपालक अभियंता सुनील कुमार बिस्वा को अध्यक्ष चुना गया। जबकि सहायक अभियंता अमित कुमार को सचिव, संतोष विश्वकर्मा को संयुक्त सचिव, राजेंद्र कुमार महतो को कोषाध्यक्ष चुना गया। सहायक अभियंता बबलू उरांव, सचिन कुमार सिंह, अमरेश कुमार सिंह, प्रेम सोरेन, हरिनरायण, प्रशांत कुमार पांडेय व अविनाश कुमार यादव को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। नवगठित पलामू अंचल इकाई को एक पखवाड़ा में पलामू, गढ़वा व लातेहार का जिला इकाई गठित करने का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता अधीक्षण अभियंता विश्वनाथ प्रसाद तांती व संचालन सहायक अभियंता अमित कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन झारखंड अभियंत्रण सेवा संघ के महासचिव राहुल कुमार ने दिया। निर्वाचन पदाधिकारी के रुप में सियारंजन सिंह, सत्येंद्र प्रसाद सिंह, राजीव लोचन, अशोक कुमार, अरविंद वर्मा, अमन प्रसाद, संदीप दास, पंकज कुमार, ओमप्रकाश उरांव व अविनाश कुमार थे। मौके पर सहायक अभियंता पंकज कुमार, अखिलनंदन वर्मा, अभिषेक आनंद, सुबोध कुमार वर्मा, दीपक कुमार सिंह, विवेक कुमार आदि मौजूद थे।

## समाजसेवी ने कराया मंदिर की छत की ढलाई



**केतार :** प्रखंड के परती-कुशवानी गांव में समाजसेवी पंकज सिंह ने आदिवासी समुदाय के देवता डिहवार बाबा के मंदिर निर्माण की ढलाई कार्य का शुभारंभ किया। इस अवसर उन्होंने मजदूरों के साथ ढलाई कार्य में हाथ भी बटांया। मौके पर समाजसेवी पंकज सिंह ने कहा कि परती- कुशवानी पंचायत आदिवासी बहुल्य है। इस समुदाय के लोगों की मांग डिहवार बाबा का मंदिर निर्माण करना था जो आज पूरा हुआ। उन्होंने कहा कि मंदिर नहीं बनने से आदिवासी समुदाय के लोगों को पारंपरिक पूजा-अर्चना करने में परेशानी होती थी। उन्होंने कहा कि धार्मिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सेदारी करना चाहिये। उन्होंने ग्रामीणों की मांग को पूरा करते हुये अपने निजी खर्च इस मंदिर का निर्माण कराया। मौके पर सत्येंद्र ठाकुर, राधेश्याम सिंह, रामपति सिंह, गंगा सिंह, राजकुमार सिंह, करीमन सिंह, रामविलास सिंह, रामाश्रय सिंह, रामप्रवेश सिंह, निरंजन सिंह, लाल मुनी चौधरी, रीना देवी, पप्पू चौधरी, वीरेंद्र सिंह सहित दर्जनों लोग मौजूद थे।



## 'प्यार का प्रोफेसर' में खुद इश्क में फंसे लव गुरु

अभिनेता प्रणव सचदेवा, संदीपा धर, महेश बलराज की अभिनीत वेब सीरीज 'प्यार का प्रोफेसर' फरवरी के प्यार वाले मौसम यानी वैलेंटाइन डे पर रिलीज हो चुकी है। कुल छह एपिसोड्स वाली यह सीरीज अमेजॉन एमएक्स प्लेयर पर फ्री में दर्शकों के लिए उपलब्ध है। कहानी शुरू होती है 'चक निवास' नाम के दिल्ली के एक छोटे से घर से जिसमें वैभव चक (प्रणव सचदेवा) अपने पापा (बबला कोचर) के साथ रहता है। वैभव एक बहुत ही महत्वाकांक्षी और शौकीन लड़का है, जो जल्दी से बहुत सारे पैसे कमाना चाहता है। वैभव दिन में तो बॉडी लैंग्वेज को ग्रूम करने की कोचिंग देता है, लेकिन रात में वह सिंगल लड़कों को लड़कियों से फ्लर्ट करने की ट्रेनिंग देता है। उसके शो का नाम है 'वोमैनीपुलेशन' जिसमे वह लड़कों को स्टेप बाइ स्टेप लड़की पटाने के तरीके सिखाता है। वैभव का एक वीडियो इंटरनेट पर वायरल होता जाता है जिसमें वह एक जाट नेता पंकज हुड्डा (महेश बलराज) का मजाक उड़ाता दिखता है। गुस्से से आग बबूला हुए नेता पंकज ने अपने गुंडों को वैभव को सबक सीखने के मकसद से अपने घर बुलवा लिया, लेकिन वैभव ने अपनी लच्छेदार बातों से पंकज को इंप्रेस कर लेता है और पंकज उसको अपनी गुस्सैल छवि सुधारने का काम दे देता है। वैभव पंकज को बॉडी लैंग्वेज ठीक करने के तरीके सिखाने उसके पंकज के घर आने जाने लगा। इसी दौरान उसकी मुलाकात पंकज की खूबसूरत और चालाक बीवी मल्लिका (संदीपा धर) से होती है, जिसे देखकर वैभव फिदा हो जाता है। पंकज ने लव मैरिज किया है दोनों एक दूसरे से बहुत प्यार करते हैं लेकिन उनके रिश्ते में एक ठहराव हैं, जिसे बॉडी लैंग्वेज कोच और फ्लर्टिंग एक्सपर्ट पंकज आसानी से भांप लेता है और मल्लिका को अपने वश में करने के लिए अपनी फ्लर्टिंग स्किल के पैंतरे लगाना शुरू कर देता है। वैभव को पता है कि वह आग से खेल रहा है कि अगर पंकज को जरा भी पता चला तो वह उसको सीधे गोली मार देगा लेकिन वैभव अलग ही मिट्टी का जन्तु है। वैभव अपने मकसद में कामयाब होगा या नहीं इसका जवाब आपको सीरीज देखने के बाद ही मिलेगा।

**शानदार अभिनय**

अभिनय की बात करें तो सीरीज में प्रणव सचदेवा ने वैभव चक के किरदार को बहुत ही सहज और नेचुरल तरीके से प्ले किया है। उनके किरदार के कई शेड्स हैं, जिसे वो बहुत ही सहजता से स्क्रीन पर दशार्ने में कामयाब रहे हैं। दिल्ली के मिडिल क्लास के बेटे के किरदार को बखूबी प्ले करते हैं तो एक लव गुरु टाइप के मॉर्डन किरदार को भी बहुत लाइवली प्ले करते हैं। दिल्ली के मिडिल क्लास के बेटे के किरदार में अपने पिता से होती नोक-झोंक के साथ एक सॉफ्ट स्पोकेन लव गुरु टाइप के मॉर्डन किरदार को भी बहुत लाइवली प्ले करते हैं। मल्लिका के किरदार में संदीपा धर बहुत सुंदर लगती हैं, उनके किरदार में जो कि दोहरी जिंदगी जी रही होती है उसे वह स्क्रीन पर आकर्षक ढंग से निभाने में कामयाब रही हैं। अभिनेता महेश ने पंकज के रूप में एक गुस्सैल एकदम देसी और और अक्खड़ जाट नेता के किरदार को जीवंत बना दिया है और उनकी ऐक्टिंग में बारीकी दिखाई देती है। अनामिका चोपड़ा के किरदार में अलीशा चोपड़ा, लव के किरदार में गुरुनाव सिंह ने अपने किरदार के साथ न्याय किया है। प्रणव के पिता के किरदार में बबला कचर ने भी अपने छोटे किरदार में इम्प्रेस किया है। लेकिन प्रणव ने हर एपिसोड में अपनी ऐक्टिंग, इक्स्प्रेशन और मनमोहक डायलॉग डेलीवरी से दर्शकों को सम्मोहित करने में कामयाब रहे हैं।

**प्रयागराज. महाकुम्भ में संगम स्नान को लेकर मेला क्षेत्र में पहुंचती श्रद्धालुओं की भीड़**



# प्रधानमंत्री मोदी और पूर्व ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक की मुलाकात





**नई दिल्ली।** पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक इन दिनों भारत दौरे पर हैं। इस यात्रा के दौरान उन्होंने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात की, जहां दोनों नेताओं ने भारत-यूके संबंधों को और मजबूत करने पर चर्चा की। इस मुलाकात पर पीएम मोदी ने कहा कि सुनक भारत के अच्छे मित्र हैं। इस दौरान सुनक का परिवार भी उनके साथ उपस्थित रहा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा, पूर्व ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक और उनके परिवार से मिलकर खुशी हुई। हमारे बीच कई विषयों पर शानदार और सार्थक चर्चा हुई। पीएम मोदी ने ऋषि सुनक को भारत का सच्चा मित्र बताते हुए द्विपक्षीय संबंधों को और गहरा करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस मुलाकात के दौरान ऋषि सुनक के साथ उनकी पत्नी अक्षता मूर्ति, बेटियां कृष्णा व अनुष्का, और उनकी सास एवं राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति भी मौजूद थीं। भारत यात्रा के दौरान सुनक परिवार ने दिल्ली में संसद भवन का भ्रमण किया, जहां लोकसभा महासचिव उत्पल कुमार सिंह ने उनका स्वागत किया। इसके अलावा, उन्होंने आगरा में ताजमहल, फतेहपुर सीकरी, और जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल में भी शिरकत की। भारत यात्रा के दौरान ऋषि सुनक ने वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से भी मुलाकात की। इस बैठक में भारत और यूके के बीच वित्तीय सहयोग को बढ़ाने और आर्थिक विकास को गति देने के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। वित्त मंत्रालय ने इस बैठक को महत्वपूर्ण बताते हुए सोशल मीडिया पर साझा किया कि ₹वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण और ऋषि सुनक के बीच द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को और मजबूत करने के तरीकों पर चर्चा हुई। ऋषि सुनक ने भारत के प्रति अपने विशेष लगाव को दोहराते हुए कहा कि ₹भारत और ब्रिटेन के बीच ऐतिहासिक रूप से मजबूत संबंध रहे हैं, और मैं इन संबंधों को और आगे बढ़ते देखना चाहता हूं।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कतर के अमीर का किया भव्य स्वागत

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को राष्ट्रपति



भवन में कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी के सम्मान में एक विशेष रात्रिभोज का आयोजन किया। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भारत सरकार के कई वरिष्ठ मंत्री एवं गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। इस विशेष रात्रिभोज के दौरान भारत और कतर के बीच द्विपक्षीय सहयोग को और मजबूत करने, व्यापार, निवेश, ऊर्जा और रणनीतिक साझेदारी पर विस्तार से चर्चा हुई। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने संबोधन में भारत और कतर के बीच ऐतिहासिक एवं घनिष्ठ संबंधों को रेखांकित किया और कहा कि ₹कतर भारत का एक महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, और दोनों देशों के बीच आर्थिक एवं सांस्कृतिक संबंध लगातार प्रगाढ़ हो रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, आपकी ये यात्रा हमारे ऐतिहासिक संबंधों और मैत्रीमय में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। दोनों देशों के बीच एक विशेष संबंध रहें जो बेहद घनिष्ठ और जीवंत है। मुझे कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत की दूसरी राजकीय यात्रा पर स्वागत करते हुए बहुत खुशी हो रही है।

**Hit लिस्ट**

## 80 लोगों को लेकर आ रहा विमान लैंडिंग के समय पलटा, 18 लोग घायल

**टोरंटो।** कनाडा में टोरंटो के पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट



गया। यह विमान रनवे पर उल्टा पड़ा रहा। राहत की बात है कि हादसे में किसी की जान नहीं गई। मामूली रूप से घायल 18 यात्रियों को अस्पताल भेजा गया है। दुर्घटना के कारणों का अबतक पता नहीं चला है, फिलहाल इसकी जांच चल रही है। टोरंटो स्टार की रिपोर्ट के मुताबिक पियर्सन हवाई अड्डे पर सोमवार को डेल्टा एयरलाइंस का विमान लैंडिंग के समय पलट गया। दुर्घटना दोपहर करीब 2:15 बजे हुई। दुर्घटनाग्रस्त विमान में 76 यात्री और चालक दल के 4 सदस्य सवार थे। हादसे में मामूली रूप से घायल हुए 18 विमान यात्रियों को अस्पताल ले जाया गया है। यात्रियों में 22 कनाडा के नागरिक और बाकी विदेशी नागरिक थे। हादसे के बाद हवाई अड्डे के दो रनवे को बंद कर दिया गया है, जो जांच पूरी होने तक अगले कुछ समय तक बंद रहेंगे।

## समुद्र में डूबी कृष्ण की नगरी द्वारका के साक्ष्य जुटाएगा एएसआई

**नई दिल्ली।** समुद्र में डूबी भगवान कृष्ण की नगरी द्वारका के सभी पहलुओं



और साक्ष्य जुटाने के लिए भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने खोज शुरू कर दी है। एएसआई के अतिरिक्त महानिदेशक (पुरातत्व) प्रो. आलोक त्रिपाठी के नेतृत्व में पांच पुरातत्वविदों की एक टीम ने मंगलवार को द्वारका तट पर पानी के नीचे खोज शुरू की। इस टीम में निदेशक (खुदाई एवं अन्वेषण) एचके नायक, सहायक अधीक्षण पुरातत्वविद् डॉ. अपराजिता शर्मा, पूनम विंद और राजकुमारी बारबिना ने प्रारंभिक जांच के लिए गोमती क्रीक के पास एक क्षेत्र का चयन किया है।

**व्यापार, ऊर्जा सुरक्षा, प्रौद्योगिकी और स्थिरता को बढ़ावा देने, साझा भविष्य के लिए आर्थिक सहयोग पर चर्चा की आधारशिला रखी गई**

# द्विपक्षीय आर्थिक संबंधों को मजबूत करने के लिए भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच का आयोजन

**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी की दो दिवसीय भारत यात्रा के दौरान भारतीय उद्योग परिसंघ ने उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के साथ साझेदारी में आज यहां भारत-कतर संयुक्त व्यापार मंच का आयोजन किया। संयुक्त व्यापार मंच में केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कतर के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री शेख फैसल बिन थानी बिन फैसल अल थानी ने मुख्य भाषण किया। संयुक्त बिजनेस फोरम के उद्घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने विकसित भारत विजन के अनुरूप 2047 तक 30-35 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने की भारत की महत्वाकांक्षा की




पुष्टि की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कतर सफल ऊर्जा व्यापार का एक लंबा इतिहास साझा करते हैं लेकिन इस साझेदारी का भविष्य हाइड्रोकार्बन से आगे बढ़कर एआई, क्वांटम कंप्यूटिंग, आईओटी और सेमीकंडक्टर जैसे अत्याधुनिक क्षेत्रों तक फैला हुआ है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जैसे-जैसे भू-राजनीतिक गतिशीलता बदलती है और साइबर सुरक्षा के खतरे बढ़ते हैं। जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के साथ-साथ आत्मनिर्भरता एक प्रमुख प्राथमिकता बन गई है। प्रत्येक देश के पास अलग-अलग प्रतिस्पर्धी लाभ होने के कारण उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत और कतर एक-दूसरे की ताकत को पूरक बनाने की स्थिति में हैं और नवाचार को आगे बढ़ाने और कल के उद्योगों को आकार देने में भागीदार हो सकते हैं। चूंकि दोनों देश परिवर्तनकारी बदलाव की ओर अग्रसर हैं, इसलिए यह साझेदारी उद्यमशीलता, प्रौद्योगिकी और स्थिरता के स्तंभों पर टिकी होगी। उन्होंने व्यापार करने की लागत को कम करने और व्यापार करने में आसानी (ईओडीबी) को बढ़ाने में भारत के प्रमुख सुधारों पर प्रकाश डालते हुए इसे वैश्विक निवेशकों के लिए विश्वसनीयता और स्थिरता के नखलिस्तान के रूप में स्थापित किया। कतर को भारत की गतिशील और लचीली अर्थव्यवस्था में अवसरों का पता लगाने के लिए आमंत्रित करते हुए उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि भारत का विजन 2047 और कतर का राष्ट्रीय विजन 2030 रणनीतिक आर्थिक सहयोग के एक नए युग को आकार देगा।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)